29.07.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–बजट में घोषित 10 संकल्पों का उद्देश्य सभी वर्गों का विकास करना है।
- प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे।
- अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेश में बाघों के संरक्षण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- राज्य में कुछ स्थानों पर अच्छी बरसात– मौसम विभाग ने डूंगरपुर और सिरोही में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बजट में घोषित 10 संकल्पों का उद्देश्य प्रदेशवासियों की खुशहाली के साथ सभी वर्गों का विकास करना है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा में राजस्थान विनियोग विधेयक 2024 पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत ढांचे और उद्योग धंधे के विकास से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा।

........................

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष कई मुद्दों पर भ्रम फैलाकर आम जनता को गुमराह करना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भी कई योजनाओं के नाम बदले गए थे। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए प्रतिपक्ष की नेता टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बड़ी संख्या में भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी गई जबकि वर्तमान सरकार में बड़ी संख्या में अभियोजन की स्वीकृति के मामले सरकार के पास लंबित है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व देने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, वेतन विसंगतियों को दूर करने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्गों का बैकलॉग भरने समेत अन्य मांग की।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन भुगतान की लंबित अवधि एक महीना रह गई है। पहले की सरकार के समय यह अवधि तीन माह से अधिक थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेंशन राशि में 15 प्रतिशत की बढोतरी कर इसे 1000 रूपये से 1150 रूपये किया गया है। वर्तमान में पेंशनर्स को इस साल एक अप्रेल से बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 89 लाख पेंशनर्स के खातों मेें 1037 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है।

000

प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव श्री बागड़े को शपथ ग्रहण करवाएंगे। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में शाम 4 बजे आयोजित होगा।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने पशुपालकों की उन्नति और उनकी आय बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अतंर्गत इस तरह के पाठ्यक्रम विकसित किए जाने पर जोर दिया जिससे पशुधन संरक्षण के साथ ही इनके उत्पादों की पोषकता में भी गुणात्मक वृद्धि हो। राज्यपाल आज बीकानेर के राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पशु–धन संरक्षण से जुड़े परम्परागत मूल्यों का आधुनिकता से मेल कराते हुए इस क्षेत्र में उपचार की नयी पद्धतियों का विकास करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में पशुचिकित्सक, पशुचिकित्सा विज्ञान और पशुपालक हमारी अर्थव्यवस्था के मुख्य घटक हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के एकमात्र पशु चिकित्सा और पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के रूप में इस विश्वविद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनाई है। दीक्षांत समारोह में 665 डिग्रियां और 27 मेडल प्रदान किये गये।

000

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है और वर्तमान सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप के कारण देश में बेरोजगारी दर कम होकर तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गयी है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में बेरोजगारी दर 3 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी। आम बजट की सराहना करते हुए डॉ मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री के पैकेज से पांच साल की अवधि में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार और कौशल के अवसर प्रदान होंगे। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। डॉ मांडविया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में श्रम बल भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में डीजल और पेट्रोल की कीमतें अन्य देशों की तुलना में सबसे कम हैं और इसकी कीमतों में भी कमी आई है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के मुकाबले भारत में तेल की कीमतों में वृद्धि दर का प्रतिशत कम है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि सरकार का लक्ष्य 2030 के अंत तक पेट्रोल में 25 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का है।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। इस मौके पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 25वीं बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बाघ संरक्षण में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावना तलाशने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रदेश में बाघ दिवस पर जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रम हुए। जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों ने संगोष्ठी और कोलाज के माध्यम से बाघों के संरक्षण पर अपने विचार रखे। सवाईमाधोपुर में भी वन विभाग की ओर से कार्यकम आयोजित किया गया। इसमें जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने बाघ और उनके रहवास के संरक्षण में स्थानीय लोगों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग को विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अन्य संगठनों की ओर से भी आज जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए । बाघ संरक्षण को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रही पेंटिंग प्रदर्शनी भी आज संपन्न हुई।

गौरतलब है कि बाघ दिवस मनाने का उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत में वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बाघ अभ्यारण्य बनाए गए थे। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण करता है। विश्व के 80 प्रतिशत बाघ भारत में मौजूद हैं।

000

राज्य में कुछ स्थानों पर आज अच्छी बरसात हुई है। बाड़मेर में दोपहर बाद शुरू हुआ बारिश का दौर शाम तक जारी रहा। चौहटन में तेज बरसात से कपालेश्वर महादेव मंदिर की पहाड़ी से झरने बहने लगे। भीलवाड़ा में व्यापक बारिश हुई। कुछ अन्य जिलों में भी बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने आज डूंगरपुर और सिरोही में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसी तरह, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, उदयपुर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन आज बीकानेर, अजमेर से गुजर रही है। पूर्वी राजस्थान में आगामी 5–7 दिन अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने तथा बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। कोटा, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो–तीन दिन मानसून सक्रिय रहने तथा कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। जयपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी दो–तीन दिन हल्के से मध्यम बारिश की संभावना है।

000

प्रदेश में आज भी विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण के कार्यक्रम हुए। बाड़मेर में भारतीय सेना की कोणार्क कोर की बोगरा ब्रिगेड के जवानों और उनके परिजनों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। बूंदी में हुए कार्यक्रम मे डिस्ट्रिक्ट क्लब के सामने मुख्य सड़क के किनारे पीपल के पौधे लगाकर ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया। अजमेर के बूढ़ा पुष्कर में संत मोरारी बापू के नेतृत्व में पौधे लगाये गये। चूरू जिले के घांघू गांव में एक लोकार्पण समारोह के बाद पौधा रोपण किया गया और लोगों को वृक्षों के महत्व के बारे में बताया गया। कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बानसूर की ग्राम पंचायत आलमपुर में महिला समूह ने सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया।

000